समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# IIT कानपुर ने जारी किया एडमिट कार्ड, 18 मई को होगी परीक्षा, यहां पढ़े डिटेल्स।

Publisher
Published on 12 May 2025




## IIT कानपुर की तरफ से JEE Advanced 2025 परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी किए गए है. जिन्हे कैंडिडेट्स आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते है.

इंजीनियरिंग की दुनिया में कदम रखने का सपना देख रहे लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म हो गया है. IIT कानपुर ने JEE Advanced 2025 परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं. जो छात्र इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं, वे अब आधिकारिक वेबसाइट jeeadv.ac.in पर जाकर अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं.

एडमिट कार्ड में क्या होगा ?
आपके एडमिट कार्ड में आपका नाम, रोल नंबर, जेईई मेन आवेदन संख्या, फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि, पत्राचार का पता, श्रेणी, परीक्षा केंद्र का नाम और पता जैसी जरूरी जानकारियां दी होंगी. अगर इनमें किसी भी प्रकार की गलती हो तो तुरंत NTA से संपर्क करें.

परीक्षा का समय
१. JEE Advanced 2025 परीक्षा 18 मई को दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी.
२. पहली पाली सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
३. दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक
४. परीक्षा पूरी तरह कंप्यूटर आधारित (CBT) मोड में होगी. इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय से पहले अपने

परीक्षा केंद्र पहुंचें और सिस्टम से परिचित हो जाएं.

५. यह भी पढ़ें- SBI में 2500 से ज्यादा पदों पर भर्ती, जानिए कौन कर सकता है आवेदन और क्या है प्रक्रिया

जरूरी बातें – क्या लेकर जाएं परीक्षा में ?

१. परीक्षा केंद्र पर जाने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके पास ये तीन चीज़ें हों:

२. एडमिट कार्ड की प्रिंट कॉपी (कम से कम दो)

३. कोई वैध फोटो पहचान पत्र – जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, वोटर आईडी, ५. ड्राइविंग लाइसेंस या स्कूल/कॉलेज आईडी

ऐसे करें JEE Advanced 2025 एडमिट कार्ड डाउनलोड

स्टेप 1: उम्मीदवार सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट jeeadv.ac.in पर जाएं

स्टेप 2: अब उम्मीदवार लॉगिन पेज खोलें

स्टेप 3: इसके बाद मोबाइल नंबर, जन्म तिथि और रजिस्ट्रेशन नंबर भरें

स्टेप 4: “Download Admit Card” पर क्लिक करें

स्टेप 5: एडमिट कार्ड डाउनलोड करके प्रिंट निकालें और सॉफ्ट कॉपी को सेव रखें

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.